<u>गुरु नानक कॉलेज धनबाद</u>

<u>वीर बाल दिवस के अवसर पर</u>

<u>(दास्ताने- ए -शहादत) का मंचन</u>

<u>26 / 12 / 2023</u>

गुरु नानक कॉलेज धनबाद द्वारा 26 दिसंबर, मंगलवार को महाविद्यालय के भूदा कैंपस के एस. जे एस ग्रेवाल सभागार में वीर बाल दिवस मनाया गया। श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को, 'वीर बाल दिवस' के उपलक्ष्य पर 'दास्ताने ए शहादत' के रूप में मनाया गया।
आयोजन का आरंभ गुरु नानक कॉलेज के शासी निकाय के सचिव दिलजोन सिंह ग्रेवाल ने सभी अथितियों का स्वागत करते हुए इस आयोजन की सराहना की। शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस. चहल ने इस गौरव दिवस पर साहबजादों के शहादत को स्मरण करते हुए धर्म और मानवता की परिभाषा दी। प्रत्येक व्यक्ति को सत्य और निष्ठा का मार्ग चुनना चाहिए क्योंकि यह राह ही परमात्मा तक ले जाता है।
आयोजन की अगली कड़ी में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहबजादों की शहादत की दास्तां को क्रमबद्ध नाटकीयसम्वाद के रूप में प्रस्तुत किया।
आयोजन में विशेष उपस्थिति के रूप में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से गुरमत प्रचार दौरे पर आये सरदार हरबिंदर सिंह, समशेर सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरविंदर् सिंह और पटना से तख्त श्री हरमंदर साहब से जत्थेदार के रूप पधारे थे।
कार्यक्रम का संचालन संजय सिन्हा ने किया। प्रो. अमरजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविदालय को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के कुशल प्रदर्शन पर अपनी ख़ुशी ज़ाहिर की।
इस पुरे कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान की अध्यक्ष डॉ मिना मालखंडी की सक्रिय भूमिका रही। नाटकीयसंवाद की परिकल्पना सरदार आर० एस० चहल एवं डॉ दलजीत कौर की थी। श्री बलवंत कुमार एवं सुश्री शारदा गिरि का कुशल निर्देशन रहा। मंचीय अदाकारों की भूमिका में महाविद्यालय के निम्नलिखित विद्यार्थियों की भागीदारी रही: -

1. स्मृति गोस्वामी
2. तान्या कुमारी
3. दीपशिखा दास

4. नेहा कुमारी
5. तनु सिकदार
6. रोहन राज
7. प्रियोजित दाँ मोदक
8. रोहित कुमार रजक
9. रूपप्रीत सिंह
10. गुरप्रीत सिंह
11. प्रवीण कुमार यादव

उक्त कार्यक्रम में पार्श्व गायन में सुश्री शुभी बावेजा एवं श्री हितेश श्रीवास्तव का सशक्त योगदान रहा।

इस कार्यक्रम का संचालन संजय सिन्हा ने किया। प्रो. अमरजीत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविदालय को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के कुशल प्रदर्शन पर अपनी ख़ुशी ज़ाहिर की। मौके पर सरदार दिलजोन सिंह जी (प्रेसिडेंट, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी), गुरजीत सिंह जी (सेक्रेटरी, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी), तेजपाल सिंह जी (मेंबर, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी), रजिंद्र सिंह जी (मेंबर, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी), हरबिंदर् सिंह (खालसा मिडिल स्कूल के सचिव ) हरदेव सिंह, प्रो. गुरचरण सिंह, प्रोफेसर इन चार्ज प्रो. डॉ. रंजना दास (बैंक मोड़ कैंपस), प्रो दीपक कुमार, प्रो. संतोष कुमार,डॉ वर्षा सिंह , प्रो. नीता ओझा, प्रो. सोनू प्रसाद यादव,प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो. सरिता मधेशिया, प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. चिरंजीत अधिकारी, प्रो. साधना सिंह, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. अर्णब सरखेल, सुश्री घनिष्ठा वर्मा, सुश्री सुरभि कश्यप, और अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

# Clips of Event


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Commemorates
DASTAN-E-SHAHADAT
of
SAHEBZADAS OF
GURU GOBIND SINGH JI
VEER BAAL DIWAS
for Truth, Justice, Freedom, Bravery, Fearlessness
GLOBUS


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Commemorates
DASTAN-E-SHAHADAT
of
SAHEBZADAS OF
GURU GOBIND SINGH JI
on
VEER BAAL DIWAS
DEC 26, 2023 | 03:00 PM - 04:30 PM


Commemorates
DASTAN-E-SHAHADAT
GLOBUS


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Commemorates
DASTAN-E-SHAHADAT
of
SAHEBZADAS OF


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Commemorates
DASTAN E SHAHADAT
SAHEBZADAS OF
GURU GOBIND SINGH JI
VEER BAAL DIWAS
GLOBUS






GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
Commemorates
DASTAN-E-SHAHADAT

# Newspaper Clips

प्रभात खबर

## कैंपस/सोसाइटी प्रभात

**नोटिस बैनर** बीबीएमकेयू फॉरेन लैंग्वेज विभाग में नामांकन के लिए चार जनवरी तक होगा प्रमाणपत्रों का सत्यापन.

### वीर बाल दिवस. कोयलांचल में जगह-जगह हुए आयोजन, कहीं निकली झांकी, तो कहीं शोभायात्रा

# गुरु गोविंद सिंह के साहेबजादों की शहादत को किया नमन

विशेष संवाददाता, धनबाद

वीर बाल दिवस के अवसर पर मंगलवार को धनबाद में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये. कहीं झांकी निकाली गयी, तो खेल का आयोजन किया गया. गुरुद्वारा में विशेष कार्यक्रम हुआ.

भाजपा धनबाद महानगर की ओर से पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सुबह जोड़ाफाटक रोड स्थित गुरुनानकपुरा से शोभा यात्रा निकाली गयी. सभी लोग बाइक पर सवार थे. आगे-आगे 10 टोटो चल रहे थे. इन पर साहेबजादों की शहीदी की तस्वीरें को प्रदर्शनी के तौर पर रखा गया था. शोभा यात्रा का नेतृत्व भाजपा नेता सह इस कार्यक्रम के संयोजक प्रितपाल सिंह आजमानी, सह संयोजक मनिन्दर सिंह सोनी, गुरमीत सिंह, राजा राजपाल, सोनी सिंह, जिम्मी राजपाल कर रहे थे. शोभा यात्रा पहले मटकुरिया स्थित बड़ा गुरुद्वारा पहुंची, यहां पर इसका स्वागत किया गया. फिर शोभायात्रा बिरसा चौक बैंक मोड़,



वीर बाल दिवस पर गुरुनानकपुरा गुरुद्वारा से निकाली गयी रैली.

### गुरु नानक कॉलेज में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम



श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत दिवस पर गुरु नानक कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के शासी निकाय के सचिव दिलजोन सिंह ग्रेवाल ने किया. शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने धर्म और मानवता की परिभाषा दी. प्रत्येक व्यक्ति को सत्य और निष्ठा का मार्ग चुनना चाहिए. क्योंकि यह राह ही परमात्मा तक ले जाती है. कार्यक्रम में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से गुरमत प्रचार दौरे पर आये सरदार हरबिंदर सिंह, समशेर सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह और पटना से तख्त श्री हरमंदर साहब से जत्थेदार के रूप पधारे थे. कार्यक्रम का संचालन संजय सिन्हा ने किया. कार्यक्रम में साधना सिंह, प्रोण स्नेहल गोस्वामी, पीयूष अग्रवाल, घनिष्ठा वर्मा, सुरभि कश्यप सहित कई शिक्षक व कर्मी मौजूद थे.

### द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी में की गयी प्रार्थना सभा

**धनबाद.** द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन एकेडमी में मंगलवार को वीर बाल दिवस मनाया गया. इस अवसर पर विद्यालय में संगीत एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. गुरु गोबिंद सिंह के चार साहबजादों की शहादत को याद कर प्रार्थना



### सरस्वती विद्या मंदिर भूली में मना वीर बाल दिवस

**भूली.** सरस्वती विद्या मंदिर भूली में प्राचार्य शिवबालक प्रसाद सिंह, आचार्य डॉ उमेश कुमार सिंह व छात्रों ने गुरु गोविंद सिंह के बेटों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया. छात्रों ने समूह में "जोरावर सिंह जोर से बोले फतेह सिंह शोर से बोले"



# बच्चों ने दास्तान-ए-शहादत नाटक का मंचन किया

धनबाद, मुख्य संवाददाता। गुरुनानक कॉलेज धनबाद में मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को वीर बाल दिवस दास्तान ए शहादत के रूप में मनाया गया। शासी निकाय के अध्यक्ष आरएस चहल व सचिव दिलजॉन सिंह ग्रेवाल ने साहिबजादों की शहादत को स्मरण करते हुए धर्म और मानवता की परिभाषा दी।

प्रत्येक व्यक्ति को सत्य और निष्ठा का मार्ग चुनना चाहिए, क्योंकि यह राह ही परमात्मा तक ले जाता है। छात्र-छात्राओं ने शहादत की दास्तां को नाटक के रूप में पेश किया।



मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान गुरुनानक कॉलेज धनबाद में नाटक करते छात्र।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर से गुरमत प्रचार दौरे पर आए हरबिंदर सिंह, समशेर सिंह, जितेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह पटना से तख्त श्री हरमंदर साहब से जत्थेदार के रूप पधारे।

कार्यक्रम के दौरान मौके पर सरदार दिलजोन सिंह, गुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, रजींद्र सिंह, हरबिंदर सिंह, हरदेव सिंह, प्रो गुरचरण सिंह, प्रो डॉ. रंजना दास, प्रो दीपक कुमार, प्रो संजय सिन्हा, प्रो अमरजीत सिंह, डॉ मीना मालखंडी, प्रो संतोष कुमार, डॉ वर्षा सिंह, प्रो नीता ओझा, प्रो सोनू प्रसाद यादव, प्रो अभिषेक सिन्हा, प्रो सरिता मधेशिया, प्रो दलजीत सिंह, प्रो चिरंजीत अधिकारी, प्रो साधना सिंह, प्रो स्नेहल गोस्वामी, प्रो पीयूष अग्रवाल, प्रो अर्णब सरखेल, सुश्री घनिष्ठा वर्मा, सुश्री सुरभि कश्यप समेत अन्य शिक्षकेत्तरकर्मी मौजूद थे।

# दास्तानगोई से बताई साहिबजादों की वीर गाथा

## वीर बाल दिवस पर स्कूल और कालेजों में हुए कई कार्यक्रम, भाजपा ने शहर में निकाली शोभायात्रा

**जासं, धनबाद :** गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को मंगलवार को पूरे जिले में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर शहर के गुरुद्वारों, स्कूल व कालेज सहित अन्य जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान गुरुनानक कालेज में 13वीं शताब्दी की कला दास्तानगोई के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया। वहीं भाजपा ने शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली। गुरुद्वारा में पाठ व कीर्तन का आयोजन किया किया गया।

गुरुनानक कालेज के भूदा कैंपस में दास्तानगोई के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान को याद करने के कार्यक्रम की शुरुआत कालेज के अध्यक्ष आरएस चहल ने की। दास्तानगोई की शुरुआत एक ओंकार से की गई। मौके पर कालेज के सचिव दिलजोन सिंह ग्रेवाल, प्राचार्य डा. संजय प्रसाद, प्रो. मीना मलखंडे, परवीन कुमार, पियोजीत, रोहित कुमार, रोहन कुमार, गुरुप्रीत सिंह आदि मौजूद थे।

**भाजपा ने शहर में निकाली शोभायात्रा:** धनबाद महानगर भाजपा कमेटी ने वीर बाल दिवस पर शहर में विशाल शोभायात्रा निकाली। इसमें सिख समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। शोभायात्रा में 10 टोटो पर साहिबजादों के बलिदान की तस्वीर को प्रदर्शित किया गया था। शोभायात्रा ने नगर के कई क्षेत्रों का भ्रमण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक प्रीतपाल सिंह, मनिंदर सिंह, सोनी गुरमीत सिंह, राजा राजपाल, जिम्मी राजपाल, सोनी सिंह, रमेश राही, मानस प्रसून, नितिन भट्ट आदि सक्रिय थे।

**सरस्वती विद्या मंदिर भूली में भी किया गया याद :** सरस्वती विद्या मंदिर भूली में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, आचार्य एवं छात्रों ने बलिदानी साहिबजादों की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य शिवबालक प्रसाद सिंह ने कहा कि जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने अपनी संस्कृति, समाज और देश की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया। मौके पर आचार्य डा. उमेश कुमार सिंह, रूपा चटर्जी आदि मौजूद थे।

**बड़ा गुरुद्वारा में पाठ व कीर्तन :** बैंकमोड़ स्थित बड़ा गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस के मौके पर सर्वप्रथम गुरुद्वारा के दीवान हाल में पाठ व कीर्तन किया गया।

इस अवसर पर अरदास कर बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह एवं माता गुजरी को नमन किया गया। इस दौरान गुरमत ट्रेनिंग कैंप का निबंधन भी शुरू किया गया। इसमें धनबाद के अलावा बंगाल, गोमो, सिंदरी, जामाडोबा आदि के बच्चों ने भाग लिया। मौके पर गुरुद्वारा के महासचिव गुरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, चरणजीत सिंह, सतपाल सिंह ब्रोका, इंद्रदीप सिंह, मनजीत सिंह, पिंकी सिंह आदि मौजूद थे।



गुरुनानक कालेज मे आयोजित कार्यक्रम मे शामिल छात्र-छात्राएं व अतिथि • जागरण


चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित गुरूनानक मिशन स्कूल से मंगलवार को निकाली गई प्रभात फेरी मे बच्चो के साथ मौजूद निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता • जागरण

### गुरुनानक मिशन स्कूल में मना वीर बाल दिवस

**संवाद सहयोगी, चिरकुंडा :** बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के बलिदान को याद करते हुए चिरकुंडा के सरसापहाड़ी स्थित गुरुनानक मिशन स्कूल प्रांगण में मंगलवार को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कीर्तन समागम का आयोजन हुआ। स्कूल से कुमारधुबी बाजार स्थित गुरुद्वारा तक प्रभात फेरी निकाली गई। विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। इस अवसर पर बच्चों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर डबलू बाउरी, जयप्रकाश सिंह, अनिल यादव, अखिलेश तिवारी, निर्मल सिंह, डीएन पाठक, भूपेंद्र सिंह, रंजीत गुप्ता, बंटी अग्रवाल आदि थे।

### बलिदान दिवस पर साहिबजादों को दी गई श्रद्धांजलि

**संस, सिंदरी :** पतंजलि परिवार की ओर से रोहड़ाबांध दुर्गा मंदिर मंच्छ के समीप गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों का बलिदान दिवस मनाया गया। लोगों ने बलिदानी शिलापट्ट पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पतंजलि योगपीठ के जिला संयोजक उमाशंकर सिंह ने गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों नौ वर्षीय जोरावर सिंह व सात वर्षीय फतेह सिंह को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि मुगल शासक की प्रताड़ना के बाद भी दोनों धर्म के मार्ग से विचलित नहीं हुए। वीर बालकों ने मौत स्वीकार कर लिया। हमें इन वीर बालकों के बलिदान से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मौके पर राघव तिवारी, इंदु बाला, अरविंद पाठक, तेज नारायण तिवारी, सत्येंद्र सिंह आदि थे।

धनबाद की अन्य खबरों को देखें
www.jagran.com

**वीर बाल दिवस पर जीएन कॉलेज में समारोह का आयोजन**

# साहिबजादों की शहादत की दास्तां देखकर नम हो गईं लोगों की आंखें

एजुकेशन रिपोर्टर | धनबाद

गुरु नानक कॉलेज के भूदा कैंपस में मंगलवार को 'दास्तान-ए-शहादत' के रूप में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस दौरान बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह समेत श्रीगुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिबजादों की शहादत को याद किया गया। संस्थान के शासी निकाय के सचिव दिलजोन सिंह ग्रेवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने कहा कि हर व्यक्ति को सत्य और निष्ठा का मार्ग चुनना चाहिए। यह रास्ता हमें परमात्मा तक ले जाता है।



छात्र-छात्राओं ने चारों साहिबजादों की शहादत की दास्तां को भावपूर्ण व नाटकीय तरीके से प्रस्तुत किया। इसे देख-सुनकर लोगों की आंखें नम हो गईं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, अमृतसर से गुरमत प्रचार दौरे पर आए सरदार हरबिंदर सिंह, शमशेर सिंह, जीतेंद्र सिंह, गुरविंदर सिंह और पटना के तख्त श्री हरमंदिर साहब के जत्थेदार भी आयोजन में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संजय सिन्हा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अमरजीत सिंह ने किया। मौके पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ मीना मालखंडी, गुरजीत सिंह, तेजपाल सिंह, रजिंद्र सिंह, हरबिंदर सिंह, हरदेव सिंह, प्रो. गुरचरण सिंह, डॉ. रंजना दास, प्रो दीपक कुमार, प्रो. संतोष कुमार, डॉ वर्षा सिंह, प्रो. नीता ओझा, प्रो. सोनू प्रसाद यादव, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो. सरिता मधेशिया, प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. चिरंजीत अधिकारी, प्रो. साधना सिंह, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. अर्णब सरखेल, घनिष्ठा वर्मा, सुरभि कश्यप आदि मौजूद थे।